# डेटा इंजीनियरिंग व मशीन लर्निंग पर शोध पत्र प्रस्तुत



पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

**देहरादून (एसएनबी)।** यूपीईएस ने विधोली परिसर में मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग (आईसीएमएलडीई 3.0) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। सम्मेलन में मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के विभिन्न क्षेत्रों से 400 से अधिक रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए। विशेषज्ञों ने भाषणों और टेक्निकल सेशन के माध्यम से युवा रेसर्चेर्स को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन यूपीईएस स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस (एसओसीएस) ने एल्सेवियर, यूनिवर्सिटी ऑफ डेटन (यूएसए) और प्रोविडेंस यूनिवर्सिटी के सहयोग से किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डायरेक्टर जनरल डा. संजय बहल, डायरेक्टर आईआरडीई डीआरडीओ डा. अजय कुमार ने किया। सम्मेलन की शुरूआत यूपीईएस के वाइस चांसलर डा. राम शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। यूनिवर्सिटी ऑफ डेटन डा. विजयन के. अंसारी ने कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस पर अपने अपने इनसाइट्स साझा किए। डा. अमित सचान ने ट्रांसफॉर्मेटिव एएल एप्लीकेशंस पर चर्चा की।

■ **यूपीईएस ने मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन**

दूसरे दिन प्रो. पीटर हॉन जू चोंग ने 5जी नेटवर्क में फजी लॉजिक एप्लीकेशन, डा. बर्नार्ड फोंग ने ऑटोमोटिव इन्वेंट्री मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा प्रो. रॉबर्टस दामाशेविकियस ने सस्टेनेबल सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और डा. तन्मय चक्रवर्ती ने हानिकार ऑनलाइन कंटेंट का मुकाबला करने पर चर्चा की।

इस दौरान यूपीईएस के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन डा. विजयशेखर चेलाबोइना ने कहा कि आईसीएमएलडीई 3.0 मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में ग्लोबल कम्युनिकेशन बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

उ
इस
13.11.2024
की तिथि 26.
है, को अपरिह
पत्रांक : 978/वि
''राष्ट्
कार्यालय
पत्रांक : 336/